# प्रैस विज्ञप्ति

आज दिनांक 24.12.2021 को मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय, राई (सोनीपत) द्वारा अपना 46 वॉ वार्षिकोत्सव बडे धूम–धाम से मनाया गया। सांस्कृतिक संगीतमय स्थिति से जुडा यह कार्यक्रम आकर्षण एवं पूर्ण भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के खेल एवं युवा कार्यक्रम कल्याणकारी श्री संन्दीप सिंह जी रहे। इनके अतिरिक्त इस समारोह में सोनीपत के सांसद श्री रमेश कौशिक जी एवं राई हल्के के विद्यायक श्री मोहन लाल बडौली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरम्भ दीप–प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय गीत के पश्चात् कमला नेहरू विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा पुष्प–गुच्छ प्रदान किये गए, तदुपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं निदेशक कर्नल अशोक मोर (रिटार्ड) द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के चतुर्दिक उपलब्धियों से सम्बन्धित वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरम्भ स्टैडिंग सैल्युट से हुआ तत्पश्चात् जिम्नास्टिक, लेजियम, डम्बल मॉस, पी0टी के अतिरिक्त एकता में बल है सार पर आधारित विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा हरियाणा कर्नाटक, बंगाल, तेलंगाना आदि राज्यों के लोकनृत्यों की मन–लुभावनी प्रस्तुति की गई। विश्व–प्रसिद्व कव्वाली **मेरी जान जाए वतन के लिए की** अत्यन्त रोचक एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ ही कमला नेहरू विद्यालय के छात्र–छात्राओं की अविस्मखी प्रस्तुति **सच्चा वीर बना दे मॉ** के द्वारा दर्शकों के मन को मोहा गया ।

मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यालय परिवार को वार्षिकोत्सव की बधाई देते हुए छात्र–छात्राओं को निष्ठापूर्वक कर्म करते हुए राष्ट् सेवा में योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया और उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। शिक्षा की पूर्णता राष्ट् सेवा है, इसके बिना शिक्षा अधूरी है ।

विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।

विद्यालय के उप–प्रधानाचार्या श्रीमती मौशुमी घोषाल जी द्वारा समस्त जन के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया गया और कृतगता प्रकट की गई । वार्षिककोत्सव की समाप्ति राष्ट्गान के साथ हुआ । विद्यालय का यह कार्यक्रम सफल एवं प्रंशसनीय रहा ।